# पुलिस कॉन्स्टेबल परीक्षा

# संभावित पेपर-8

**1. पार्श्वनाथ जो एक क्षत्रिय और बनारस के राजा अश्वसेन का पुत्र था वह---- जैन तीर्थकर बना?**

(अ) तेईसवां (ब) चौबीसवां (स) प्रथम (द) द्वितीय

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** काशी नरेश अश्वसेन के पुत्र पार्श्वनाथ जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर थे इनका प्रतीक चिन्ह सर्प फन था जैन धर्म के प्रथम तीर्थकर ऋषभदेव थे जिनका प्रतीक वृषभ था

**2. फेन अभ्यारण---- में है?**

(अ) मंडला (ब) रीवा (स) सीधी (द) जबलपुर

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** फेन अभ्यारण मध्य प्रदेश के मंडला जिले में स्थित है 110.740 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस अभ्यारण में तेंदुआ, शेर, चीतल, सांभर आदि वन्य जीव पाए जाते हैं?

**3. मुगल सम्राट जहांगीर___ का पुत्र था?**

(अ) बाबर (ब) अकबर (स) शाहजहां (द) हुमायूं

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मुगल सम्राट जहांगीर अकबर का पुत्र था मुगल साम्राज्य तुर्कों की चगताई नामक शाखा से जुड़ी है जिसके स्थापना 1526 ईसवी में जहीरूद्दीन मोहम्मद बाबर ने की

**4. केन घड़ियाल अभ्यारण----- में स्थित है?**

(अ) सागर (ब) छतरपुर (स) रीवा (द) बंजार

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के छतरपुर तथा पन्ना जिले में केन घड़ियाल अभ्यारण्य स्थापित है 45.201 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस अभ्यारण्य से केन नदी बहती है जिसमें घड़ियालों को विशेष संरक्षण दिया गया है इस सेंचुरी में 6 मीटर लंबे मगरमच्छ भी है

**5. अंग्रेजों द्वारा अंतर्देशीय उत्प्रवास अधिनियम कब लागू किया गया?**

(अ) 1857 (ब) 1859 (स) 1856 (द) 1861

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** वर्ष 1859 में अंतर्देशीय उत्प्रवास अधिनियम पारित किया गया जिसमें कहा गया था कि मूलत: असम में चाय के बगानों में काम करने वाले श्रमिक तथा किसान चाय के बगानों को छोड़कर बाहर कहीं नहीं जा सकते

**6. शिवपुरी किस नदी के तट पर स्थित है?**

(अ) सिंध (ब) नर्मदा (स) टोंस (द) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश का शिवपुरी नगर सिंध नदी के तट पर स्थित है यह नदी प्रदेश के गुना जिले के सिरोंज के निकट से निकलती है तथा शिवपुरी, दतिया और भिंड जिलों से बहते हुए उत्तर प्रदेश में यमुना नदी में मिल जाती है

**7. इनमें से कौन भारतीय संसद का हिस्सा नहीं है?**

(अ) राष्ट्रपति (ब) लोकसभा

(स) विधान परिषद (द) राज्यसभा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 79 में संसद का उल्लेख किया गया है जिसमें राष्ट्रपति, राज्य सभा एवं लोकसभा समाहित है विधान परिषद एवं विधानसभा, राज्य विधानमंडल के भाग है

**8. आदमगढ़ क्यों प्रसिद्ध है?**

(अ) पाषाण युगीन अवशेषों के लिए

(ब) जलप्रपात के लिए

(स) प्राचीन शिलालेख के लिए

(द) बौद्ध कालीन अवशेष के लिए

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** पाषाण युगीन अवशेषों के लिए यह होशंगाबाद के बाहर नर्मदा नदी के दक्षिण में स्थित है यहां पर आदिमानव द्वारा चित्रित शैल गुफाएं है

**9. राज्य सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**

(अ) डॉ.जाकिर हुसैन (ब) डॉ.एस राधाकृष्णन

(स) श्री वी.वी. गिरी (द) श्री एम. हिदायतुल्ला

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** डॉ.जाकिर हुसैन भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, बिहार के राज्यपाल तथा जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के कुलपति रहे थे एस राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के प्रथम सभापति/ अध्यक्ष थे

**10. अमरकंटक की प्रसिद्धि का कारण है?**

(अ) पहाड़ी सैरगाह (ब) वन्य जीव अभ्यारण

(स) महेश्वर मंदिर (द) नर्मदा नदी का उद्गम स्थल

**उत्तर- (द)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील के दक्षिण- पूर्वी भाग में मैकल पर्वतमालाओं में स्थित अमरकंटक भारत के पवित्र स्थलों में गिना जाता है नर्मदा का उद्गम यहां एक कुंड से हुआ है

**11. निम्नलिखित में से कौन सी वस्तु सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करती है?**

(अ) ग्रह (ब) सैटेलाइट (स) तारा (द) आकाशगंगा

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** ग्रह सूर्य के चारों ओर परिक्रमा करते हैं अंतर्राष्ट्रीय खगोल शास्त्री संघ के अनुसार हमारे सौरमंडल में 8 ग्रह है- बुध, शुक्र, पृथ्वी, मंगल, बृहस्पति, शनि, अरुण, वरुण कॉपरनिकस ने 1530 में बताया कि सूर्य ब्रह्मांड के केंद्र में है और सारे ग्रह की परिक्रमा करते हैं

**12. मध्य प्रदेश के किस जिले में संजीवनी औषधि केंद्र स्थापित किया गया है?**

(अ) पन्ना (ब) सतना (स) रीवा (द) बैतूल

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** पन्ना जिले में संजीवनी औषधि केंद्र की स्थापना की गई है यह केंद्र वन विभाग द्वारा जंगल की जड़ी- बूटियों से आयुर्वेदिक औषधि का निर्माण और आयुर्वेदिक जानने वालों के लिए आय का जरिया खोजने और देहाती गरीब वनवासी मजदूरों को रोजगार सुलभ कराने के लिए खोला गया है

**13. चिल्का झील निम्नलिखित में से किस पक्षी/ जंतु के लिए प्रसिद्ध है?**

(अ) पेंगुइन (ब) राजहंस (स) गैंडा (द) कस्तूरी हिरन

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** चिल्का झील एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा लैगून है शीतकाल के दौरान भारतीय उपमहाद्वीप में प्रवासी पक्षियों को आकर्षित करने वाला सबसे बड़ा मैदान होने के साथ ही यह पौधों और जानवरों की कई संकटग्रस्त प्रजातियों का निवास स्थान है भारत में उत्तर प्रदेश राज्य में सर्वाधिक रामसर स्थल 10 है

**14. मध्यप्रदेश के किस नगर में देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेला का आयोजन किया जाएगा?**

(अ) इंदौर (ब) भोपाल (स) ग्वालियर (द) ओरछा

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आदिवासी लोक कला एवं तुलसी साहित्य अकादमी के माध्यम से देश के पहले अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेले का आयोजन किया जाएगा

**15. निम्नलिखित में से कौन सा शास्त्रीय नृत्य अपने वर्तमान रूप से मुगल परंपरा से प्रभावित है?**

(अ) भरतनाट्यम (ब) मोहिनीअट्टम (स) कथक (द) कथकली

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** कथक उत्तर भारत का एक प्रमुख शास्त्रीय नृत्य है कथक शैली का जन्म ब्राम्हण पुजारियों द्वारा हुआ जो कि कथिक कहे जाते थे

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

**16. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस किस दिन मनाया जाता है?**

(अ) 21 जून (ब) 21 मई (स) 13 जून (द) 24 जुलाई

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस दिन को सेलिब्रेट करने की पहल की थी जिसके बाद 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**17. यूनाइटेड नेशंस सिस्टम स्टॉफ कॉलेज का मुख्यालय कहां स्थित है?**

(अ) ट्यूरिन (ब) लंदन (स) वाशिंगटन (द) बर्लिन

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** यूनाइटेड नेशंस सिस्टम स्टॉफ कॉलेज संयुक्त राष्ट्र संगठन का एक प्रशिक्षण केंद्र है जो संयुक्त राष्ट्र के कर्मियों और इनके सहयोगियों को अंतर प्रशिक्षण प्रदान करता है इसकी स्थापना 1 जनवरी 2002 को की गई थी तथा इसका मुख्यालय ट्यूरिन इटली में स्थित है

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल नहीं है?**

(अ) चारमीनार (ब) लाल किला

(स) ताज महल (द) एलिफेंटा की गुफाएं

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** भारत में 40 विश्व धरोहर स्थल है जिसमें 32 सांस्कृतिक, 7 प्राकृतिक और 1 मिश्रित स्थल शामिल है उपरोक्त विकल्पों में चारमीनार इस सूची में शामिल नहीं है

**19. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?**

(अ) जोधपुर (ब) नई दिल्ली (स) मुंबई (द) जयपुर

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है इसकी स्थापना वर्ष 1861 में हुई थी

**20. शब्द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किसने गढ़ा?**

(अ) जॉन मैकार्थी (ब) डेविड ब्रैडली

(स) जॉन बर्गर (द) चार्ल्स बैचमैन

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शब्द को जॉन मैकार्थी ने दिया जॉन मैकार्थी ने इसे विज्ञान और इंजीनियरिंग के बुद्धिमान मशीनें बनाने के रूप में परिभाषित किया

**21. निम्न में से कौन जाइलम का प्रकार नहीं है?**

(अ) ट्रेकिड्स (ब) सिव ट्यूब

(स) जाइलम फाइबर्स (द) नलिकाएं

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** जाइलम एक प्रकार का संवहन ऊतक है इसका प्रमुख कारण जल और खनिजों का अवशोषण कर पौधों के पत्तियों तक पहुंचाना होता है इनमें से सिव ट्यूब भिन्न है यह दारू में पाया जाता है

**22. मनुष्य में पुरुषों के यौन गुणसूत्रों में___ समूह होता है?**

(अ) XY (ब) YY (स) XX (द) XXX

**उत्तर- (अ)**

**व्याख्या-** पुरुषों के यौन गुणसूत्र में XY समूह होता है जो सभी आनुवांशिक गुणों को निर्धारित एवं संचारित करते है प्रत्येक प्रजाति में गुणसूत्रों की संख्या निश्चित रहती है मानव कोशिका में गुणसूत्रों की संख्या 46 होती है

**23. विश्व में सबसे तेज जमीनी जानवर कौन सा है?**

(अ) कुत्ता (ब) चीता (स) बाघ (द) घोड़ा

**उत्तर- (ब)**

**व्याख्या-** जमीन पर रहने वाला सबसे तेज जानवर चीता है इस का वैज्ञानिक नाम एसीनोनिक्स जुबेटस है यह एक छलांग में 460 मीटर तक की दूरी तय कर सकता है और मात्र 3 सेकेंड के अंदर में 103km प्रति घंटे का इजाफा कर लेता है

**24. एक पादप समूह जिसके पौधों में जड़, तना और पत्तियां नहीं होती है उसे___ कहा जाता है?**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब करें

(अ) राइजॉइड (ब) कैप्सूल (स) थैलस (द) ब्रायोफाइटा

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** एक पादप समूह जिसके पौधों में जड़, तना और पत्तियां नहीं होती हैं उसे थैलस कहते हैं

**25. न्यूरॉन के किस भाग में सूचना प्राप्त होती है?**

(अ) सेल बॉडी (ब) तंत्रिका समाप्ति

(स) डेंड्राइट (द) एक्सीन

**उत्तर- (स)**

**व्याख्या-** तंत्रिका कोशिका के डेंड्राइड से सूचना प्राप्त होती हैं न्यूरॉन कोशिका का कार्य मस्तिष्क से सूचना का आदान- प्रदान एवं विश्लेषण करना है

**26. मानव शरीर की सबसे लंबी हड्डी कौन सी है?**

(अ) जान्वस्थि (ब) उरोस्थि (स) टिबिया (द) जांघ की हड्डी

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** मानव शरीर में सबसे लंबी हड्डी फीमर जो जांघ में पाई जाती है जबकि सबसे छोटी हड्डी स्टेपीज होती है जो कि कान में पाई जाती है शरीर का सबसे कठोर भाग में दांत का दंतवल्क होता है

**27. जड़ों की कोशिकाओं में लंबे रोमों जैसे भाग को क्या कहते हैं?**

(अ) रूट नेल्स (ब) रूट हेयर (स) रूट विली (द) रूट ट्रैकहाइड्स

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** पौधे का वह हिस्सा जो भूमि के अंदर छिपा हुआ होता है जड़ या मूल कहलाता है जड़ों की कोशिकाओं में लंबे रोम जैसे भाग को रूट हेयर कहते हैं

**28. रंध्र स्थित होते हैं?**

(अ) लाल रक्त कोशिकाओं में (ब) क्लोरोफिल में

(स) उदर में (द) पत्तों में

**उत्तर-(द)**

**व्याख्या-** रंध्र मुख्यत: पत्तियों में पाए जाते हैं वाष्पोत्सर्जन पौधों द्वारा जल का वाष्प के रूप में परिवर्तन तथा इससे उत्पन्न क्षति है मुख्यत: यह पत्तियों में पाए जाने वाले रंध्रों से होते हैं

**29. इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी?**

(अ) नील्स बोर (ब) जे.जे.थॉमसन

(स) अल्बर्ट आइंस्टीन (द) अर्नेस्ट रदरफोर्ड

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** इलेक्ट्रॉन की खोज का श्रेय जे. जे.थॉमसन को जाता है इलेक्ट्रॉन एक ऐसा कण जिसका द्रव्यमान $9.1 \times 10^{-31}$kg तथा जिस पर इकाई इकाईऋ1ण आवेश $1.6 \times 10^{-19}$ कूलर होता है

**30. रदरफोर्ड परमाणु मॉडल---- का वर्णन नहीं करता है?**

(अ) नाभिक की उपस्थिति (ब) परमाणु के आवेश

(स) परमाणु के स्थायित्व (द) इलेक्ट्रॉन की उपस्थिति

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** रदरफोर्ड परमाणु मॉडल परमाणु के स्थायित्व का वर्णन नहीं करता है

**31. समभारिक में---- की संख्या समान होती है?**

(अ) आयन (ब) नाभिक (स) इलेक्ट्रॉन (द) प्रोटॉन

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** अलग-अलग पदार्थों या तत्वों के परमाणु जिनके परमाणु द्रव्यमान तो समान होते हैं लेकिन उनके परमाणु क्रमांक अलग-अलग होते हैं ऐसे तत्वों को समभारिक कहते हैं

**32. ----की रासायनिक विशेषताएं एक समान होती है परंतु परमाणु द्रव्यमान भिन्न होते हैं?**

(अ) समभारिक (ब) समस्थानिक

(स) एक्टिनाइड्स (द) समावयवी

**उत्तर-(ब)**

YouTube Tez Education सब्सक्राइब कर

**व्याख्या-** जब एक ही तत्व के भिन्न परमाणु जिनकी परमाणु संख्या समान हो लेकिन द्रव्यमान संख्या भिन्न-भिन्न हो तो वे समस्थानिक परमाणु कहलाते हैं उदाहरण- हाइड्रोजन के तीन समस्थानिक परमाणु होते

**33. मिट्टी का तेल लालटेन बत्ती में इनमें से किस गुण के कारण ऊपर चढ़ता है?**

(अ) गुरुत्वाकर्षण (ब) केशिकत्व (स) विसरण (द) परासरण

**उत्तर-(ब)**

**व्याख्या-** केशनली में द्रव के ऊपर चढ़ने यि नीचे उतरने की घटना को केशिकत्व कहते हैं केशनली बहुत ही कम एवं एक समान त्रिज्या वाली एक खोखली नली होती है

**34. विभिन्न विद्युत परिपथ के सुरक्षा उपकरणों में से विद्युत धारा के तापीय प्रभाव पर आधारित उपकरण क्या कहलाता है?**

(अ) फ्यूज (ब) प्रोटेक्टिव रिले

(स) सर्किट (द) सर्ज प्रोटेक्टर

**उत्तर-(अ)**

**व्याख्या-** फ्यूज एक विद्युत सुरक्षा उपकरण है जो कि विद्युत परिपथ की अत्यधिक विद्युत प्रवाह से सुरक्षा प्रदान करता है फ्यूज को सर्किट के माध्यम से करंट प्रवाह की अनुमति देने के लिए डिजाइन किया जाता है

**35. विद्युतीय विगलन निम्नलिखित में से किस पर आधारित होता है?**

(अ) धारा के चुंबकीय प्रभाव (ब) धारा के शीतलन प्रभाव

(स) धारा के ऊष्मीय प्रभाव (द) विद्युत चुंबकीय प्रेरण

**उत्तर-(स)**

**व्याख्या-** विद्युतीय विगलन धारा के ऊष्मीय प्रभाव पर आधारित होता है








